an>

Title: Need to include Mumbai in 100 Smart Cities" Scheme of the Government to clear JJ Clusters by allocating a budget of Rs. 50,000/- crores.

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, आप जानती हैं कि मुम्बई शहर इस देश की आर्थिक राजधानी है और यह ज्वालामुखी के मुख पर खड़ी है। ...(व्यवधान) इसकी जनसंख्या आज के दिन डेढ़ करोड़ है, लेकिन रोजगार की वजह से करीब एक करोड़ लोग रोज मुम्बई शहर में आते रहते हैं। ...(व्यवधान) आज इस अवस्था में मुम्बई शहर में जो पुरानी इमारतें हैं, उनको पुनर्विकसित करने की बात चल रही है, ...(व्यवधान) आज इन इमारतों की स्थिति बहुत गंभीर है, ...(व्यवधान) ये 100 साल पुरानी इमारतें हैं, ...(व्यवधान) हम उनके मरम्मत के लिए एमपी लैंड से भी फंड इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। एन.डी.ए. सरकार ने 100 स्मार्ट सिटी की बात की है।...(व्यवधान) एन.डी.ए. सरकार ने पक्के घरों की भी बात कही है। ...(व्यवधान) मैं उसका स्वागत करता हूं। ...(व्यवधान) इस वक्त देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई शहर के हालात की तरफ देखना भी आवश्यक है।...(व्यवधान) पुराने मकान, छोटी-छोटी गलियां, गंदगी और बीमारी, अनेक क्षेत्रों में घुटन जैसी महसूस हो रही है।...(व्यवधान) उनके पुनर्विकास का काम भी प्राथमिकता से करना होगा।...(व्यवधान) अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि जैसे आपने स्मार्ट सिटी की योजना बनाई है, वैसे ही मुम्बई शहर के पुनर्निर्माण की योजना बनाएं। ...(व्यवधान) झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को कानून 300 स्कवेअर फुट मीटर की जगह दे दें, जिससे आगे चल कर एक भी झुग्गी-झोपड़ी मुंबई शहर में न रहे। ...(व्यवधान) उनके लिए केन्द्र सरकार अगले पांच वर्ष मुम्बई शहर के पुनर्निर्माण के लिए 50 हजार करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान करे। ...(व्यवधान) केन्द्र सरकार के पास इनकम टैक्स के जरिए जो पैसे आते हैं उनमें एक-तिहाई पैसे मुम्बई शहर से आते हैं और मुम्बई शहर को कुछ भी नहीं मिलता है। ...(व्यवधान) यह सिर्फ पांच वर्ष के लिए मेरी मांग है, ताकि मुम्बई का पुनर्निर्माण हो सके।...(व्यवधान) आपने मुझे बोलने के लिए अनुमति दी, इसके लिए धन्यवाद।...(व्यवधान)